हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 16 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

11 सिकोला में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य समापन सुदामा चरित्र के ...



12 ग्राम ठेकवाडीह में श्रद्धा और उल्लास ...





## खबर संक्षेप

### जंगली सुअर के हमले से दंपत्ति घायल

**बालोद**। खेत में काम कर रहे दंपत्ति पर जंगली सुवर ने हमला कर दिया। जिसके बाद दंपत्ति को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां ईलाज जारी है। मिली जानकारी के अनुसार गुरूर ब्लाक के ग्राम भानपुरी में ग्रामीण खेत गए हुए थे, इसी दौरान खेत में काम कर रहे दंपत्ति पर अचानक जंगली सुवर ने हमला कर दिया। इस दौरान जंगली सुअर द्वारा दंपत्ति पर किए जा रहे हमले को देखकर आस पास मौजूद अन्य किसान मौके पर पर पहुंचकर जंगली सुवर को खदेड़ा तथा घायल दंपत्ति को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां दंपत्ति का ईलाज जारी है।

### बच्चा चोरी की अफवाह से गांव में जुटी भीड़, पुलिस की सजगता से टला मामला

**बालोद/निकुम**। अंडा थाना क्षेत्र के ग्राम आलबरस में बीते शुक्रवार को अलसुबह बच्च चोर की झूठी अफवाह से बड़ी संख्या में ग्रामीणो की भीड़ जुट गई, मौके पर अंडा पुलिस की सजगता से मामला निपटाया गया। अंडा पुलिस थाना प्रभारी पारस राम ठाकुर ने बताया कि ग्राम आलबरस में बालोद जिले के जामगांव की लगभग 35 वर्षीय मानसिक विक्षिप्त महिला को सुबह गांव में देखते ही बच्चा चोर की झूठी अफवाह फैला गई, पुलिस की सजगता से महिला के परिवार के सुपर्द किया गया। ग्रामीणों व क्षेत्रवासी से अपील करते हुए थाना प्रभारी ने कहा किसी अफवाह से बचे, वही मोबाइल में फोटो, वीडियो बनाकर वायरल ना करे, संदिग्ध परिस्थिति होने पर तुरंत पुलिस व डायल 112 की सहायता लेवे, वही फर्जी कॉल, स्पैम कॉल, बैंक, ओटीपी सहित कोई भी निजी जानकारी किसी भी अज्ञात, अनजान नंबर पर शेयर ना करें, वही ग्राम पंचायत आलबरस सरपंच भुवनलाल देशमुख ने भी सजगता से कार्य किया।

### दो दुकानदारों में विवाद, दोनों पक्षों ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**बालोद**। दो पड़ोसी दुकानदारो में नल को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद दोनो ही दुकानदारो ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने विभिन्न धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शिकारीपारा बालोद निवासी सुनील साहू ने पुलिस को बताया कि घड़ी चौक में हमारे होटल के बगल में मुशीर खान का टी स्टॉल की दुकान है। दुकान के पास लगे हमारे नल कनेक्शन को मुशीर खान ने अपना नल कनेक्शन है कहकर 13 मार्च को मुझे एवं मेरे पिताजी को गाली– गलौज, मारपीट किया था, जिसकी रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद वापस मेरे पिताजी हेमन्त साहू के साथ हमारे होटल में थे तभी रात्रि करीबन 08:15 बजे मुशीर खान, भईयू खान, रैहान खान, समीर खान, अरसद खान एवं उनके साथ 10– 12 लड़के हमारे दुकान के सामने गाली गलौज करते हुए मुझे एवं मेरे पिताजी हेमन्त साहू को गाली गलौज करते जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का एवं थप्पड़ से मारपीट किये है, मारपीट से मेरे सिर एवं शरीर में अंदरूनी चोट लगा है तथा मेरे पिताजी हेमन्त साहू के सिर एवं शरीर में अंदरूनी चोट लगने से दर्द हो रहा है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115(2), 191(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जवाहरपारा बालोद निवासी निवासी मुशीर खान ने पुलिस को बताया कि घड़ी चौक में मेरे दुकान के बगल में जलेबी होटल है जिसके संचालक हेमन्त साहू एवं सुनील साहू दोनो पूर्व में मुझे परेशान करने की नियत से गाली गलौज करते थे। 13 मार्च को शाम करीबन 05:15 बजे मेरे दुकान के बगल में बैठा था उसी समय हेमन्त साहू एवं सुनील साहू दोनो मेरे दुकान के सामने के नल को अपना होना कहकर मुझे गाली गलौज करने लगे, जिन्हे नल मेरा है कहने पर दोनो ने मुझे हाथ– मुक्का से मारपीट किये मारपीट करने से मेरे शेष पेज 10 पर

# चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ 19 से हनुमान पीठ पर होंगे विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज डौंडीलोहारा

समीपस्थ ग्राम बड़गांव स्थित श्री सिद्धपीठ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि पर्व बड़े ही श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। मंदिर विकास समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा इसकी तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं।

मंदिर विकास समिति के संचालक युगल साहू ने बताया कि नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुजन अपनी मनोकामना पूर्ण होने की कामना से ज्योति कलश की स्थापना करते हैं। इसके लिए इच्छुक श्रद्धालुजन तैल एवं घी ज्योति कलश की स्थापना हेतु हनुमान मंदिर विकास समिति बड़गांव से संपर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत 19 मार्च को प्रातः 11 बजे ज्योति कलश स्थापना के साथ होगी। 20 मार्च को दोपहर 3 बजे से श्री हिरेश सिन्हा एवं जीतेश्वरी सिन्हा द्वारा भक्तिमय रामायण कथा की प्रस्तुति दी जाएगी। 21 मार्च को ग्राम छुरा (गरियाबंद) के श्री पीलेंद्र शरण वैष्णव द्वारा हरि कीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा।

22 मार्च को पद्मश्री उषा बारले (भिलाई) द्वारा पंडवानी की प्रस्तुति दोपहर 3 बजे से होगी। 23 मार्च को दाई के दुलरवा द्वारा भव्य जस झांकी (पटपर) की प्रस्तुति दोपहर 1 बजे से दी जाएगी। 24 मार्च को श्री दिनेश वर्मा एवं रुद्राक्ष मानस परिवार करंजा (भिलाई) की प्रस्तुति शेष पेज 10 पर

## 11 दिन बाद घट स्थापना का शुभ मुहूर्त



### चौरेल में चैत्र नवरात्रि पर होगी ज्योति कलश स्थापना

**लाटाबोड़**। न्यास श्री गौरैयां सिद्ध शक्तिपीठ चौरेल एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आदिशक्ति मां दुर्गा की असीम कृपा से गौरैयां मंदिर प्रांगण चौरेल में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर 19 मार्च, गुरुवार को प्रातः 11:30 बजे ज्योति कलश स्थापना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। मंदिर समिति के सचिव चुरामन चंद्राकर ने बताया कि नवरात्रि के दौरान 23 मार्च, सोमवार को संध्या 6 बजे पंचमी पूजन किया जाएगा। इसके बाद 26 मार्च, गुरुवार को संध्या 4 बजे हवन और पूर्णाहुति का आयोजन होगा। वहीं 27 मार्च, शुक्रवार को संध्या 4 बजे ज्योति कलश विसर्जन एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि 26 मार्च को दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक लोक चिन्हारी संस्था भरथरी, ग्राम सिकोसा द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी। इस कार्यक्रम में हेमलता और हितेश पटेल अपनी स्वर प्रस्तुति देंगे। मंदिर समिति एवं ग्रामवासियों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेने और धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

समस्या

**ओटीपी और केवाईसी के नाम पर बढ़ी परेशानी, एजेंसी पर मनमानी के आरोप**

# दल्लीराजहरा में गैस का संकट गहराया सिलेंडर के लिए भटक रहे उपभोक्ता

हरिभूमि न्यूज दल्लीराजहरा

शहर में इन दिनों घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत ने आम लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। हालत यह है कि कई उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है और लोग एजेंसी के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। गैस लेने पहुंचे उपभोक्ताओं को कभी मोबाइल पर ओटीपी आने की अनिवार्यता बताई जा रही है तो कभी केवाईसी अपडेट कराने की बात कहकर वापस लौटा दिया जा रहा है। इस स्थिति से खासकर गृहणियां सबसे अधिक परेशान हैं। कई परिवारों में रसोई का काम प्रभावित हो रहा है और लोग वैकल्पिक व्यवस्था करने को मजबूर हैं। दल्लीराजहरा शहर के उपभोक्ताओं का आरोप है कि गैस एजेंसी द्वारा नए-नए नियम बताकर सिलेंडर देने में टालमटोल की जा रही है, जिससे आम जनता की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

■ महिलाएं बोलीं, रसोई चलाना हुआ मुश्किल

घरेलू गैस की किल्लत का सबसे ज्यादा असर घरों की रसोई पर पड़ा है। कई परिवारों में गैस खत्म होने के बाद लोगों को खाना बनाने में कठिनाई हो रही है। स्थानीय गृहणी कमला वर्मा ने कहा हम लोग कई दिनों से गैस सिलेंडर के लिए परेशान हैं। एजेंसी में जाने पर कहा जाता है कि मोबाइल पर ओटीपी आएगा तभी सिलेंडर मिलेगा। कई बार नेटवर्क की समस्या के कारण ओटीपी नहीं आता और हमें वापस लौटना पड़ता है। एक अन्य गृहणी सविता साहू ने बताया। पहले गैस लेना आसान था, लेकिन अब हर बार नया नियम बता दिया जाता है। केवाईसी के नाम पर भी कई बार एजेंसी जाना पड़ रहा है।

उपभोक्ता दीपक जैन का कहना है कि अगर सरकार ने कोई नियम बनाया है तो उसकी स्पष्ट जानकारी दी जानी चाहिए। लोगों को बार-बार एजेंसी के चक्कर लगवाना ठीक नहीं है। शहर के कई उपभोक्ताओं का आरोप है कि गैस एजेंसी की कार्यप्रणाली पारदर्शी नहीं है। लोगों का कहना है कि एजेंसी द्वारा उपभोक्ताओं को सही जानकारी नहीं दी जाती और कई बार सिलेंडर वितरण में भी देरी की जाती है। लोगों का यह भी कहना है कि यदि समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिला तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

#### मनमानी के आरोप

स्थानीय उपभोक्ता राजेश यादव ने कहा गैस एजेंसी में स्पष्ट जानकारी नहीं दी जाती। कभी ओटीपी की बात होती है, कभी केवाईसी की। आम आदमी को समझ ही नहीं आता कि आखिर सही प्रक्रिया क्या है।



#### शिकायत मिली तो होगी जांच

इस मामले में कांबले गैस एजेंसी संचालक सतीश कांबले का कहना है कि यह प्रक्रिया गैस कंपनी और सरकार के निर्देशों के अनुसार की जा रही है। उपभोक्ताओं की सुरक्षा और सही वितरण सुनिश्चित करने के लिए ओटीपी आधारित प्रणाली लागू की गई है। जिन उपभोक्ताओं का केवाईसी अपडेट नहीं है, उन्हें पहले प्रक्रिया पूरी करनी होगी। एजेंसी कंपनी के निर्देशों का पालन कर रही है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारी तुलसी ठाकुर का कहना है कि गैस वितरण में अनियमितता की शिकायत मिलने पर जांच की जाएगी। उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराना एजेंसी की जिम्मेदारी है। यदि कहीं भी अनियमितता या अनावश्यक परेशानी की शिकायत मिलती है तो जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। दल्लीराजहरा के नागरिकों और उपभोक्ताओं ने जिला प्रशासन से मांग की है कि शहर में गैस वितरण व्यवस्था की जांच कराई जाए और उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही स्थिति नहीं सुधरी तो आम जनता का आक्रोश बढ़ सकता है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर समस्या को कितनी गंभीरता से लेता है और शहरवासियों को गैस संकट से कब राहत मिलती है।




## तेज रफ्तार बस सड़क किनारे खड़े भारी वाहन से टकराई, 8 से अधिक यात्री घायल

हरिभूमि न्यूज बालोद

रविवार तड़के सुबह यात्रियों से भरी एक तेज रफ्तार स्लीपर बस सड़क किनारे खड़े लकड़ी से भरे माजदा वाहन से जा टकराई। दुर्घटना में बस चालक, परिचालक और यात्रियों सहित आठ से अधिक लोग घायल हो गए। हादसे के समय बस में करीब 35 से ज्यादा यात्री सवार थे।

■ मरकाटोला कैम्प मोड़ के पास तड़के हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना पुरुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग–30 पर मरकाटोला कैम्प मोड़ के पास की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि तड़के सुबह यात्रियो से भरी बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े माजदा वाहन से जा भिड़ी। टक्कर इतनी तेज थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक सुमित कंपनी की बस सुकमा से धमतरी और रायपुर होते हुए दुर्ग की ओर जा रहीं थी। तड़के सुबह अधिकांश यात्री सो रहे थे। अचानक जोरदार जोरदार टक्कर लगने से बस के अंदर अफरा–तफरी मच गई।

हादसे के समय बस की ऊपरी स्लीपर सीटों पर सो रहे कई यात्री झटके से नीचे गिर पड़े, जिससे उन्हें चोटें आई। दुर्घटना में बस चालक को गंभीर चोट आई है, जबकि एक महिला यात्री का पेर बुरी तरह घायल हो गया। अन्य यात्रियों को भी मामूली चोटें आई है।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुरुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। आसपास मौजूद लोगों और राहगीरों की मदद से घायलों को एम्बुलेंस के जरिए तत्काल धमतरी जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जाच शुरु कर दी है।

## प्रतिबंधित पेड़ों की कटाई की शिकायत पर अब तक कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज गुण्डरदेही

इन दिनो पूरे क्षेत्र में प्रतिबंधित लकड़ी कटाई शुरु हो गई है, लकड़ी ठेकेदार प्रतिबंधित कहुआ व अन्य पेड़ो को आधाधुंध काट कर मेटाडोर व टैक्टर के सहारे स्थानीय आरामिल व बाहर भेजकर खपाया जा रहा है और स्थानीय जिम्मेदार अधिकारी चुपचाप बैठे हुए है।

अवैध कारोबार का सिलसिला शिकायतों के बाद भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। स्थानीय अधिकारी को चाहिए कि आरामिल मे समय– समय पर औचक निरीक्षण कर आरामिल संचालक व लकड़ी ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। हरे भरे वृक्षों की कटाई कर मुख्य मार्ग से अधिकारियों के नाक के नीचे खुलेआम आरामील एवं शहरों की ओर तस्करी कर परिवहन किया जा रहा है। इसलिए क्षेत्र मे पेड़ो की आधाधुंध कटाई हो रही है।



#### मुआयना किया जाएगा

डीएफओ बालोद अभिषेक अग्रवाल ने कहा विजिट के लिए उड़नदस्ता टीम को बुलाया गया है और मैं भी क्षेत्र में विजिट कर मौके पर कार्यवाई करुंगा।

#### लकड़ी तस्करों के हौसले बुलंद

वन विभाग राजस्व विभाग के अलावा अन्य जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों के सुस्त रवैया के कारण खुलेआम लकड़ी के अवैध कारोबार का संचालन होना बताया जाता है, जिसके चलते पूरा क्षेत्र धीरे–धीरे उजाड़ में तब्दील हो रहा है। एक तरफ शासन पर्यावरण को बढ़ावा देने करोड़ों खर्च कर कई तरह का अभियान चला रही है और दूसरी तरफ लकड़ी तस्करों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं और पर्यावरण को शेष पेज 10 पर

## पार्षद पर जानलेवा हमला, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज दल्लीराजहरा

15 मार्च। शहर के वार्ड क्रमांक 7 टीचर कॉलोनी क्षेत्र में पार्षद पर जानलेवा हमले के मामले में राजहरा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त स्टील का चूड़ा भी जब्त कर लिया है। आरोपियों ने वार्ड की समस्याओं को लेकर विवाद करते हुए पार्षद को रास्ते में रोककर मारपीट की और गमछे से गला दबाने की कोशिश की थी, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।

■ वार्ड की समस्याओं को लेकर हुआ विवाद

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 11 मार्च 2026 की रात पार्षद वीरेन्द्र साहू अपने दोस्त हेमंत नेताम के साथ एक शादी समारोह में शामिल होकर लगभग रात 9 बजे घर लौट रहे थे। इसी दौरान वार्ड क्रमांक 7 टीचर कॉलोनी स्थित मैदान के पास पहले से घात लगाए बैठे तीन लोगों ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने वार्ड की समस्याओं के निराकरण को लेकर विवाद करते हुए गाली-गलौच शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ-मुक्कों तथा पहने हुए स्टील के चूड़े से हमला कर दिया।



हमले में पार्षद वीरेन्द्र साहू के नाक, आंख, गाल सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद हेमंत नेताम की रिपोर्ट पर राजहरा थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान गवाहों और घायल वीरेन्द्र साहू के बयान में सामने आया कि आरोपियों ने न केवल मारपीट की, बल्कि गमछे से गला दबाकर जान से मारने की कोशिश भी की। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1) जोड़ी गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने विशेष टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की। तकनीकी सहायता के लिए साइबर सेल की मदद ली गई। लगातार पतासाजी के बाद पुलिस ने आरोपियों को दुर्ग और धमतरी क्षेत्र से हिरासत शेष पेज 10 पर

**महिलाओं ने शानदार कलशयात्रा निकाली**

# भक्त माता कर्मा की 1009वीं जयंती धूमधाम से मनाई





हरिभूमि न्यूज बालोद

रविवार को भक्त मां कर्मा जयंती को लेकर ग्राम हीरापुर में साहू समाज के लोगों में काफी उत्साह देखा गया। साहू समाज की कुलदेवी संत माता कर्मा की 1009 वी जयंती धूमधाम से व उत्साह पूर्वक मनाई गई।

सुबह पूजा–अर्चना व आरती के साथ कर्मा जयंती का शुभारंभ हुआ। जगह–जगह प्रसादी वितरण किया गया। लोग सुबह से साहू समाज भवन में स्थित भक्त मां कर्मा की पूजा करने पहुंचने लगे। इस अवसर पर समाज की महिलाओं द्वारा पीले वस्त्र धारण कर शिर में कलश को लिए महिलाओं ने बाजे–गाजे के साथ कलश यात्र निकाली। जिसमें समाज के लोग भक्त माता कर्मा की गीत पर झूमते नजर आए।

वहीं आयोजन में अतिथियों ने सामाजिक एकता पर बल दिया। समस्त झरिया साहू समाज ग्राम हीरापुर द्वारा आयोजित भक्त माता कर्मा जयंती में सुबह नौ बजे समाज की महिलाओं द्वारा कलश यात्र निकाली गई। सुबह 11बजे ध्वजारोहण कर माता कर्मा की पूजा आरती पश्चात अतिथि सम्मान एवं उद्बोधन हुआ।

साहू समाज अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने कहा कि साहू समाज की कुलदेवी मां कर्मा ने अपने समाज के लिए जो त्याग किया है, उसे समाज कभी भी नहीं भूल पाएगा। वहीं समाज की सचिव हेमराज साहू ने कहा कि समाज के लिए मां कर्मा ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था, जो बड़े गर्व की बात है।

#### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य कृतिका साहू, जनपद सदस्य दुष्यंत साहू, हेमंत साहू, हरिराम साहू, देवेंद्र साहू, पूरनलाल साहू, रामचंद साहू, पूर्व साहू समाज अध्यक्ष शत्रुघन साहू, गणेश साहू, जितेंद्र साहू, हेमंत साहू, जगदीश साहू, दुर्वासा साहू, रतन साहू, पूरन साहू, लीलेश्वर साहू ने कहा की भक्त मां ने भगवान जगन्नाथ को खिचड़ी खिलाई थी। वहीं रात्रि में कार्यक्रम पश्चात भंडारा का आयोजन किया गया था, जहां प्रसादी वितरण किया गया। प्रसादी पाने समाजजन व लोग जुटे।

## आदिवासी महिला से सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार, एक की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज बालोद

थाना बालोद पुलिस द्वारा पीडित आदिवासी महिला को गाली गलौच, मारपीट कर सामूहिक बलात्कार करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा एक आरोपी की तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। प्रकरण में अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा जोड़ी गई है। आरोपीगणों को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया।

■ गाली–गलौज और मारपीट से महिला घायल

मामले में पीड़िता आदिवासी महिला थाना बालोद ने लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि यह एक आदिवासी महिला जानते हुए गांव के विकास सिन्हा पिता रामस्वरूप सिन्हा, रोशन कुमार साहू पिता गिरधर साहू एवं कमल कुमार सेन पिता मनोहर लाल सेन सभी करहीभदर द्वारा 22 फरवरी के रात्रि 09 बजे उठाकर ले गये और रात्रि 12 बजे तक मेरे साथ जबरदस्ती सामुहिक बलात्कार कर गाली गलौज कर किसी को बतायेगी तो कोई यकीन नहीं करेगा कहकर सभी लोग पेट एवं बांया घूटने एवं शरीर के अन्य भाग में मारपीट किया है। मारपीट करने से मेरे पेट एवं बांया घुटने एवं शरीर के अन्य भाग में चोंट आया है जिसकी रिपोर्ट पर थाना बालोद शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप

### डोंगरगढ़ विधायक को अजाक्स ने सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** पदोन्नति में आरक्षण का पालन कराने डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल को जिला उपाध्यक्ष अमिताभ दुफारे के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापनकर्ता ने बताया कि छत्तीसगढ़ राजपत्र क्रमांक 81 दिनांक 13 फरवरी 2026 के तहत बिंदु क्र 14 (1) व आरक्षण अधिनियम 1994 की धारा 8 व बिदु क्रं 15(4) शासन द्वारा विहित आरक्षण आरक्षण रोस्टर के अनुसार अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग को पदोन्नति दी जाएगी, लेकिन अधिकारियों द्वारा इस राजपत्र का पालन नहीं किया जा रहा है। ज्ञापन सौंपने वालों में भीषम ठाकुर सचिव, जितेंद्र डाहाट, जितेंद्र चौरे, निर्मल सांगोडे, दिनेश कुमार कोसा, किरण मेश्राम, पद्मा मेश्राम, गिरिश धमगाये, गांधी तनय टांडिया व अजाक्स के कई सदस्य उपस्थित थे।

### शब-ए-कद्र पर मोती मस्जिद में तकरीर आज

**राजनांदगांव।** शहर के तुलसीपुर स्थित मोती मस्जिद के सदर सैय्यद अली अहमद ने कहा कि मुकद्दस माह-ए-रमजान की सबसे अफजल और बरकतों से भरपूर रात शब-ए-कद्र है, जो इस वर्ष 16 मार्च को अकीदत और एहतराम के साथ मनाई जाएगी। इस्लामी मान्यता के अनुसार रमजान की 26-27वीं रात को आने वाली शब-ए-कद्र रहमतों से भरा हुआ होता है। इस दिन अल्लाह तआला ने इंसानियत की रहनुमाई के लिए कुरआन-ए-पाक को नाज़िल फरमाया था। यही वजह है कि मुसलमान इस रात को खास इबादत, दुआ और तौबा अस्तगफार में गुजारते हैं। मोती मस्जिद में भी इस मौके पर रूहानी माहौल के बीच कई खास प्रोग्राम आयोजित किए जाएंगे। हर साल की तरह इस बार भी शब-ए-कद्र की रात मस्जिद में नमाज-ए-इशा और तरावीह के बाद पूरी रात इबादत का सिलसिला जारी रहेगा। इस दौरान कुरआन-ए-करीम की तिलावत, इस्लाही तकरीर, जिक्र-ओ-अजकार और दुआओं का खास एहतमाम किया जाएगा।

### शब-ए-कद्र की रात में इबादत का विशेष महत्व : शकील

**राजनांदगांव।** जामा मस्जिद मुस्लिम समाज के अध्यक्ष हाजी रईस अहमद शकील ने कहा कि रमजान के पवित्र महीने के आखिरी अशरे में आने वाली शब-ए-कद्र की रातों को इस्लाम में बेहद मुकद्दस और बरकतों वाली रात माना जाता है। इन मुकद्दस मुबारक रातों में की गई इबादत का शबाब हजार महीनों की इबादत से भी ज्यादा अफजल है, इसलिए अकीदतमंद इन दिनों में विशेष रूप से नमाज, अस्तगफार, कुरआन पाक की तिलावत अपनी जिंदगी और आखरत, अपने मरहूमिन की मगफिरत के लिए दुआएं करते हैं और पूरी रात अल्लाह के जिक्र और दुआ में मशगूल रहते हैं। रईस अहमद शकील ने बताया कि रमजान शरीफ का छब्बीसवां रोजा मुक्कमल होने के बाद सत्ताईसवी शब में शब-ए-कद्र की रात होती है। इसी कारण अकीदतमंद इन सभी रातों में जागकर अल्लाह ताआला की इबादत करते हैं और अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं। साथ ही अपने मोहल्ले, शहर व देश में अमन चैन की दुआ करते हैं। हाजी रईस अहमद शकील ने कहा कि इस बार शबे-कद्र अंग्रेजी की सोलह तारीख सोमवार को है। इस रात में की गई दुआ कबूल होने की उम्मीद रहती है। वहीं 27वीं शब को आमतौर पर सबसे ज्यादा अहम माना जाता है। अकीदतमंद इस रात बड़ी संख्या में मस्जिदों में इबादत करते हैं।

### यादव महाअधिवेशन की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** क्लब चौक बसंतपुर सामुदायिक भवन में जिला कोसरिया यादव महासभा राजनांदगांव की बैठक संपन्न हुआ। समाज के संगठन प्रभारी भोला यादव ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक में राजनांदगांव जिले के सत्रह सर्किल के पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में आगामी यादव महाअधिवेशन यादव मेला और सम्मान समारोह के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही सभी सर्किलों के पदाधिकारियों से निवेदन किया गया।



## साहू समाज ने भक्त मां कर्मा जयंती मनाई





**जामगांव आर।** साहू समाज जामगांव आर द्वारा भक्त मां कर्मा जयंती समारोह भव्यता के साथ आयोजित किया गया। भव्य शोभा कलश यात्रा में समाज के महिला, पुरूश, युवा, बच्चों ने महती भूमिका निभाई। कलश यात्रा पश्चात मंचीय समारोह का आयोजन हुआ। मंच पर समाज के वरिष्ठ जनों पदाधिकारियों सहित सरपंच रूपेंद्र शुक्ला अतिथि मंच पर आसीन रहे। विविध प्रेरणादायक प्रस्तुति भी हुई।

### आयोजन : समाजजनों ने एकता और संगठन को मजबूत करने का लिया संकल्प

# श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई भक्त मां कर्मा जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गंजपारा में साहू समाज के द्वारा भक्त मां कर्मा जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाज के लोगों ने एकजुट होकर धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया और समाज में एकता व संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

जानकारी के अनुसार 14 मार्च को गंजपारा में ग्रामीण साहू समाज का गठन किया गया। समाज के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का चयन कर संगठन को सक्रिय बनाने की दिशा में पहल की गई। इसके बाद 15 मार्च को नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं समाज के सदस्य सामूहिक रूप से रूप कुमार सार्वा के निवास स्थान पर एकत्रित हुए और भक्त मां कर्मा जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई। कार्यक्रम के दौरान मां कर्मा की पूजा–अर्चना कर समाज की सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। कार्यक्रम में उपस्थित समाजजनों ने मां कर्मा के आदर्शों को याद करते हुए समाज में आपसी सहयोग, भाईचारे और एकजुटता बनाए रखने का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि भक्त मां कर्मा साहू समाज की आराध्य देवी हैं और उनके जीवन से समाज को सेवा, त्याग और परोपकार की प्रेरणा मिलती है। इस तरह के आयोजन से समाज के लोगों में एकता और सामाजिक जागरूकता बढ़ती है।



### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर ग्रामीण साहू समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रूप कुमार सार्वा अध्यक्ष, जितेंद्र कुमार साहू उपाध्यक्ष, पृथ्वी साहू कोषाध्यक्ष, ऋषि साहू सचिव, संरक्षक कार्तिक राम साहू, संरक्षक परमानंद साहू, संरक्षक राम कुमार साहू, संरक्षक गुलाब चंद्र साहू, मिथलेश साहू, धर्मेंद्र साहू, भूपेंद्र साहू, छोटू साहू, नूतन साहू, शुभम साहू, नरेंद्र साहू, कुशल साहू, टिकेंद्र साहू, गीता प्रसाद साहू, छवि सार्वा, पंच बाई साहू, दुमेश्वरी साहू, गंगा सार्वा सहित अन्य सदस्यगण मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मां कर्मा के जयकारे लगाए और समाज की उन्नति एवं एकजुटता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस आयोजन को लेकर समाज के लोगों में विशेष उत्साह देखा गया और सभी ने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

## कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई



**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम भटगांव में ग्रामीण स्तरीय कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई। शोभा यात्रा, कर्मा माता पूजन के पश्चात अतिथियों का उद्बोधन एवं सम्मान किया गया। राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षा एवं साहित्यकार सीताराम साहू श्याम ने भक्त माता कर्मा के त्याग, तपस्या एवं समाज संगठन के भूमिका को रेखाकित करते हुए गीत, कविता सुनाया। तहसील साहू समाज के पूर्व अध्यक्ष केशव राम साहू ने कहा कि माता कर्मा के वरदान स्वरुप जगन्नाथ भगवान को खिचड़ी का भोग लगाया जाता है, इस महाप्रसाद से ग्रामीण जन मितान बनाते हैं, जिससे उच्च नीच का भेद खत्म होता है, जो सामाजिक समरसता का एक बड़ा उदाहरण है। मंच पर जनपद सदस्य रामेश्वर चंद्राकर, सरपंच भारती साहू, उपसरपंच ताराचंद चतुर्वेदी के साथ अन्य सभी समाज के प्रमुख गण रोशन लाल चतुर्वेदी, राम सिंह रात्रे, दिलीप जैन, अनसूया यादव, कुंती महिपाल, दूज राम ठाकुर, महेश कुमार करैत, सिंधु राम सेन उपस्थित थे। इस आयोजन में ग्रामीण साहू समाज के पदाधिकारी भीखाराम साहू, कमल किशोर, तरुण साहू, सखाराम, मन्नू लाल, जितेंद्र कुमार, अश्वनी कुमार, कृष्ण कुमार, भारती साहू, जगोती बाई, मीणा, सुनीता, योगिता, कविता उपस्थिति रही।



### नेवारीकला में पापमोचनी एकादशी पर मनाई कर्मा जयंती

**बालोद।** पाप मोचनी एकादशी के पुण्य अवसर पर ग्राम नेवारीकला में ग्रामीण साहू समाज द्वारा कर्मा जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत सुबह साहू समाज के सदस्यो द्वारा कर्मा भवन के आस पास साफ सफाई अभियान चलाया गया, जिसके बाद साहू समाज की महिलाओ के द्वारा पीले वस्त्र धारण कर गाजे बाजे के साथ कलश यात्र निकाला गया तथा पूजा अर्चना होने के बाद भंडारे का आयोजन साहू समाज द्वारा किया गया था। इस अवसर पर खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया तथा रात्रि कार्यक्रम सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



# कांग्रेस कल करेगी विस का घेराव

- बैठक में पूर्व विधायक छन्नी साहू ने दिए जरूरी दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंगरगांव

आगामी 17 मार्च को प्रस्तावित विधानसभा घेराव आंदोलन की तैयारी को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक शनिवार को आयोजित की गई।

बैठक में पूर्व विधायक छन्नी साहू के मार्गदर्शन में प्रस्तावित विधानसभा घेराव आंदोलन की तैयारी और संगठनात्मक समन्वय पर विस्तार से चर्चा की गई। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष टिकेश साहू ने सभी मंडल अध्यक्षों, सेक्टर प्रभारियों और कार्यकर्ताओं से अपने-अपने क्षेत्रों से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी को सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

इस अवसर पर मोहन अय्यर, डॉ. नरेंद्र साहू, लिलेश पटेल, दीपिका साहू, अरुणा देवांगन, पदमा देवांगन, रोशन साहू, अखिलेश नखत, बद्रीनारायण, शुक्ला, वीरेंद्र बोरकर, टिंकू देवांगन अब्दुल करीम, अमित ठाकुर, रितेश राजपूत, प्रेम सिंह, मयंक यदु, योगेश साहू, चितरंजन साहू, उजियार साहू, नासिर, किशोर बनाकर, लक्ष्मी नारायण साहू, देवेंद्र दास साहू, हेम सिंह साहू, सुंदर साहू, नेहा निषाद, गोपी नेता, कन्हैयालाल साहू, रोशन साहू, टीकम मंडावी, जीवनलाल, मोतीराम, रूपेश साहू, संदीप रत्नाकर सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# अध्यक्ष के खिलाफ उपजा सदस्यों में असंतोष

## संगठन की दखल से वापस लिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंगरगढ़

जनपद पंचायत में सत्तारूढ़ भाजपा में विवाद की स्थिति बन गई है। कांग्रेस के जनपद सदस्यों के साथ तालमेल कर भाजपा के कुछ सदस्यों ने अध्यक्ष के खिलाफ आविश्वास प्रस्ताव का आवेदन पेश कर दिया था। मामला तुल पकड़ने के बाद भाजपा संगठन में मसले को सुलझा लिया है। बताया जाता है कि जनपद पंचायत में जमा 24 लाख रूपए का बंदरबांट करने कुछ सदस्यों ने आपसी सहमति से योजना तैयार किया था। इस मामले को लेकर विवाद की स्थिति बन गई है। आपसी मनमुटाव होने के बाद भाजपा और कांग्रेस के कुछ जनपद सदस्यों ने जनपद अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन प्रस्तुत कर दिया था। मामला के तुल पकड़ने के बाद जिला भाजपा संगठन ने सदस्यों की बैठक लेकर तालमेल के साथ काम करने की हिदायत दिया है।



### राशि को लेकर विवाद

बताया जाता है कि जनपद पंचायत में पिछले 2 साल से जमा लगभग 24 लाख को जनपद सदस्य अपने क्षेत्र की पंचायतो खर्च करने की तैयारी में जिसे लेकर विवाद की स्थिति बन गई थी और मामला अविश्वास प्रस्ताव तक पहुंच गया था। बताया जाता है कि मामले की शुरूवात रामाटोला पंचायत में राशि के दुरूपयोग से शुरू हुआ था।

### कांग्रेस शिकायत की तैयारी में

जानकारी के अनुसार कांग्रेस 15 वें वित्त मद में जमा 71 लाख में से 37 लाख 50 हजार के कार्य का वर्कआर्डर बिना प्रस्ताव के जारी करने को लेकर शिकायत करने की तैयारी में है। पंचायती राज अधिनियम के तहत 15 वें वित्त आयोग की राशि का उपयोग बिना प्रस्ताव के नहीं किया जा सकता है किन्तु यहां ऐसा कर दिया गया है जिसे लेकर कांग्रेस के जनपद सदस्यों द्वारा शिकायत करने की जानकारी मिली है। जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2020- 21, 2122 एवं 22- 23 की शेष राशि 71 लाख को लेकर सामान्य सभा की बैठक एक दिसंबर 25 को आहूत की गई थी। बैठक में अनेक पंचायत में निर्माण कार्य के लिए 33 लाख 50 हजार का प्रस्ताव पारित किया गया था। प्रस्ताव के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी यांत्रिकी सेवा से प्राप्त तकनीकी स्वीकृति 26 दिसंबर को दी गई थी। शेष 37 लाख 50 हजार का प्रस्ताव नहीं किया गया किंतु उसका भी वर्कआर्डर जारी कर दिया गया।

# होली मिलन समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंगरगढ़

करेला स्थित माँ भवानी मंदिर प्रांगण में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने शनिवार को विधानसभा स्तरीय होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता विष्णु लोधी शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि होली का पर्व समाज में आपसी एकता, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने का संदेश देता है। ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक वातावरण बनता है और लोगों के बीच आपसी संबंध और प्रगाढ़ होते हैं।

# चोरडाधाम में जोत जलाने की तैयारी

**सड़क अतरिया।** आगामी 19 मार्च से प्रारंभ हो रहे चैत नवरात्रि पर्व की तैयारी शुरू हो गई है। प्राचीन चोरड़ाधाम में ज्योति कलश प्रज्जवलित किया जाएगा। पर्व को लेकर जय डोंगेश्वर समिति तैयारी में जुटी है। मंदिर के आनंद एवं गणेश वर्मा ने बताया कि मंदिर में शक्ति आराधना का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। जोत प्रज्जवलित करने तथा नौ दिन तक उमड़े वाले श्रद्धालुओ के लिए व्यवस्था बनाया जा रहा है।



### अग्रवाल परिचय सम्मेलन 4 से

**डोंगरगढ़।** अग्रवाल सभा डोंगरगढ़ के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण अग्रवाल ने बताया कि रायपुर में अग्रवाल समाज द्वारा आगामी 4 एवं 5 अप्रेल को युवक एवं युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन अग्रसेन धाम रखा गया है। उन्होंने अविवाहित युवक एवं युवतियों को अभिभावकों के साथ शामिल करने का अनुरोध किया हैं। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रेशन चालू हो गया है।



### स्वास्थ्य लाभ की कामना

**डोंगरगढ़।** भाजपा नेता चंद्रिका प्रसाद डडसेना का उपचार होने के बाद उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेने पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, हरविंदर सिंह मंगे, परविंदर सिंह मोंटी ने चिचोला पहुंचकर जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

# प्रतिभावान छात्र सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सड़क अतरिया

गर्ग विद्यालय खैरा नवापारा में शनिवार को प्रतिभावान छात्रों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। बीते दिवस विद्यालय में गर्ग महोत्सव का आयोजन किया गया था जिसमें छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया था। इन छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य गोवर्धन जंघेल, दामोदर वैष्णव, गौरव जंघेल, माधुरी धुर्वे, गितेश्वरी जंघेल, रितु जंघेल, मधु निषाद, टिकेश्वरी जंघेल, ऋषिका जंघेल, संतोष जंघेल सहित अन्य मौजूद थे।

## पेज 9 का शेष

### चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ 19 ...

दोपहर 3 बजे से होगी। 25 मार्च को श्री विष्णु कश्यप एवं स्वरधारा मानस परिवार तुलसीपुर (राजनांदगांव) द्वारा दोपहर 3 बजे से प्रस्तुति दी जाएगी। 26 मार्च को सुश्री हिमानी वासनिक द्वारा लोकगाथा भरथरी की प्रस्तुति रात्रि 8 बजे से होगी। 27 मार्च को कु. मिथलेश्वरी सेन एवं जय मां विन्ध्यवासिनी बालिका मानस परिवार बोडरा धनेली की प्रस्तुति प्रातः 11:30 बजे से आयोजित होगी। मंदिर विकास समिति के कोषाध्यक्ष नेमसिंह साहू ने बताया कि समस्त कार्यक्रम श्री सिद्धपीठ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर विकास समिति, ग्रामवासी बड़गांव एवं दानदाताओं के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। नवरात्रि के अष्टम दिवस हवन-पूजन के बाद कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा, वहीं अंतिम दिवस भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव, ज्योति कलश विसर्जन एवं भव्य भंडारा प्रसाद का आयोजन होगा। मंदिर विकास समिति के सभी सदस्यों ने श्रद्धालुजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम में शामिल होने एवं पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

### प्रतिबंधित पेड़ों की ...

क्षति पहुंचाने में लगे हुए हैं। सभापति वन विभाग जनपद पंचायत गुण्डरदेही अश्वनी कटहरे ने कहा अवैध लकड़ी कटाई को लेकर एसडीएम, वन विभाग व पुलिस प्रशासन को लिखित शिकायत किया गया था। लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्यवाई नही हुई।

### पार्षद पर जानलेवा ...

में लिया। पूछताछ में तीनों ने अपराध स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस पूरी कार्रवाई में राजहरा थाना पुलिस और साइबर सेल बालोद की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गिरफ्तार आरोपी दीपक यादव, पिता बिसौहा राम, उम्र 33 वर्ष, अजीत सिंह, पिता राम उदगार सिंह, उम्र 34 वर्ष कैलाश साहू, पिता स्व. सोहन लाल, उम्र 38 वर्ष है। तीनों आरोपी वार्ड क्रमांक 07 टीचर कॉलोनी, राजहरा, थाना दल्लीराजहरा, जिला बालोद के निवासी हैं।

### आदिवासी महिला से ...

में धारा 296, 115(2), 87, 70 (1) बीएनएस एवं 3(2)(वी) एसटीएससी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया हैं। टीम की सहायता से आरोपीगण करहीभदर निवासी विकास सिन्हा पिता रामस्वरूप सिन्हा 26 वर्ष व कमल कुमार सेन पिता मनोहर लाल सेन 23 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। जिन्होने अपराध घटना करना स्वीकार किया व घटना के संबंध में ग्राम विकास समिति के समक्ष गुनाह स्वीकार कर अर्थ दण्ड देना बताया। आरोपियों के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

### प्रतिबंधित पेड़ों की कटाई ...

क्षति पहुंचाने में लगे हुए हैं। सभापति वन विभाग जनपद पंचायत गुण्डरदेही अश्वनी कटहरे ने कहा अवैध लकड़ी कटाई को लेकर एसडीएम, वन विभाग व पुलिस प्रशासन को लिखित शिकायत किया गया था। लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्यवाई नही हुई।

### दो दुकानदारों में विवाद, दोनों ....

मस्तक, बाएं हाथ की ऊंगली, बाएं पैर में चोट लगा है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने दो लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के 157 मामले किए दर्ज

**भिलाई।** जिले में अवैध शराब को लेकर पुलिस ने अभियान चलाकर 157 आबकारी मामले दर्ज किए है। पुलिस टीमों द्वारा सार्वजनिक स्थलों, संभावित संवेदनशील स्थानों, संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान अवैध शराब गतिविधियों में संलिप्त पाए गए व्यक्तियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। जिसमें सुपेला 16, छावनी 3, पुरानी भिलाई 10, मोहन नगर 10, नगपुरा 3, जेवरा सिरसा 3, स्मृति नगर 4, वैशाली नगर 7, दुर्ग 4, पुलगांव 5, खुर्सीपार 8, जामुल 5, भिलाई नगर 6, कुम्हारी 4, नेवई 9, अंजोरा 1, पद्मनापुर 4, भिलाई भट्टी 5, नंदिनी नगर 6, बोरी 4, रानीतराई 8, धमधा 6, अमलेश्वर 2, उतई 18, जामगांव आर 3 थाने में कार्रवाई की गई। अभियान में जिले के सभी थाना प्रभारियों, विवेचना अधिकारीगण भूमिका रही है।

### आरक्षक ने बंदूक के बट से युवक को मारा, वीडियो वायरल

**भिलाई।** रात गश्त के दौरान एक पुलिस कर्मी बंदुक के बट से युवक को मारने का वीडियों सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। जिसे लेकर छावनी पुलिस पर कई सवाल खड़ा कर रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक छावनी के पावर हाउस रेलवे स्टेशन के पास की है। वीडियों में आरक्षक राकेश चौधरी के साथ एक अन्य पुलिस कर्मी भी आते दिख रहे है। जिसमें राकेश बंदुक पकड़कर आ रहा था। अचानक एक युवक को बंदुक के बट से मारते दिख रहा है। छावनी पुलिस की यह कार्य प्रणाली को देशभक्ति जन सेवा क्या कह सकते है? अब यह सवाल खड़ा हो रहा है कि परिसर में चार युवक खड़े थे उसमें तीन युवको के साथ आरक्षक हरकत नहीं किया। लेकिन एक के साथ बट से मारता दिखा है। उसमें एक युवक से आरक्षक हाथ मिलाते भी दिख रहा है। छावनी पुलिस का यह रवैया ऐसा जनता का हित है। फिलहाल यह वीडियो वायरल होने के बाद लोगों में छावनी पुलिस के प्रति आक्रोश है। वहीं सीएसपी छावनी से बात करने पर उन्होंने बताया कि आरक्षक से पूछताछ करने पर मारने वाला आरक्षक के दोस्ती यारी होना बताया गया है। फिलहाल जांच के बाद ही सही जानकारी मिल पाएगी। छावनी पुलिस थाना क्षेत्र में अपराध लगातार बढ़ रहा है। अवैध कबाड, जुआ और सट्टा समेत कई अपराध हो रहे है। अंकुश लगने का नाम नहीं ले रहा है। यहां कटरबाजी कर निकलने वाले आरोपियों तक को पुलिस नहीं पकड़ पा रही है।

### चार ट्रकों में लदी अवैध लकड़ी बरामद

**उतई।** उप वन मंडलाधिकारी दुर्ग के मार्गदर्शन में अवैध लकड़ी परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित कहुआ लकड़ी से लदे वाहनों को जब्त किया है। दुर्ग वन मण्डलाधिकारी दीपेश कपिल ने बताया कि ग्रामीण दुर्ग ग्रामीण व पाटन क्षेत्र में प्रतिबंधित लड़की की अवैध परिवहन की सूचना पर टीम बनाकर इन इलाकों में छापेमारी की कार्यवाही करते हुए 4 ट्रक पकड़े जिनमें प्रतिबंधित लकड़ी अवैध परिवहन किया जा रहा था इन ट्रकों के चालको ने वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका, जिस पर वन अपराध दर्ज कर वाहनों को जप्त किया गया। इन ट्रकों के माध्यम से अस पास के मिलो में लड़की खपाने के लिए ले जाया जा रहा था।

**प्रवचन : भक्ति में वैभव नहीं, बल्कि शुद्ध भाव प्रधान**

# सिकोला में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य समापन सुदामा चरित्र के वर्णन से भावविभोर हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम सिकोला (गुरेदा) डगनिया में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का समापन रविवार को अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ हुआ। कथा वाचन यशस्वी, सत्प्रखर, परम पूज्य गुरुदेव आचार्य निरंजन महाराज जी द्वारा किया गया, जिसमें उन्होंने श्री सुदामा चरित्र का मार्मिक वर्णन किया।

कथा के दौरान महाराज जी ने बताया कि किस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जी की मित्रता सच्चे प्रेम, समर्पण और भक्ति का प्रतीक है। सुदामा जी अत्यंत गरीब होने के बावजूद अपने मित्र श्रीकृष्ण से मिलने द्वारिका पहुंचे और उन्हें प्रेमपूर्वक चिवड़ा (पोहे) भेंट किया। भगवान श्रीकृष्ण ने अपने मित्र का बड़े प्रेम और सम्मान के साथ स्वागत किया और उनकी गरीबी दूर कर दी।

महाराज जी ने बताया कि सच्ची मित्रता और भक्ति में कोई स्वार्थ नहीं होता, भगवान केवल भक्त के प्रेम और भाव को देखते हैं। कथा के माध्यम से भक्तों को सादगी, समर्पण और भगवान के प्रति अटूट विश्वास का संदेश दिया गया। समापन अवसर पर द्वारिका शीला भगवान श्री विष्णु पर तुलसी दल अर्पण किया गया, जिसमें श्रद्धालु भक्तों ने भगवान को तुलसी अर्पित कर सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की। कार्यक्रम के अंत में महाआरती, भंडारा और प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमानों योगिता नंदकिशोर (परीक्षित ) के सहयोग बने रहे।





बड़ी संख्या में ग्रामवासी और श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे सप्ताह चले इस धार्मिक आयोजन से गांव का वातावरण भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया। ग्राम सिकोला तांदुला नदी के गोद में बसा जहाँ सुन्दर आम की बगीचा है झंडापुर उत्तरप्रदेश महर्षि मुक्तानंद स्वामी द्वारा मुकतेश्वर महादेव का स्थापना किया गया यहाँ पर दानदाताओं के सहयोग से श्री रामजानकी, हनुमान जी महराज, शनिदेव जी, व सिरडी के साईं बाबा, द्वारिका माई का भव्य मंदिर है श्रद्धालु जन समय समय पर दर्शन के लिए आते है प्रति वर्ष कार्तिक पूर्णिमा में मेला मँडई एवं गुरुपूर्णिमा भव्य महोत्सव के रूप मनाते आ रहे है! महर्षि मुक्तवाटिका समिति सिकोला (गुरेदा, ओडारसकरी, देवगहन, सलोनी, रौना, भरदा खुर्द, तिलखैरी, चीचा, नाहन्दा )सभी ग्रामो के सहयोग धर्म स्थली में आयोजन होते आ रहा है! अध्यक्ष रामसागर सिन्हा, उपाध्यक्ष दशरू राम देशमुख, लाभू राम निषाद, मोहन लाल हिरवानी,रामभगत साहू, राम देशमुख, इन्दरमन साहू, मिलन निषाद, प्यारेलाल साहू,कुलेश्वर साहू,आदि सदस्यों द्वारा अवगत कराया गया और यहाँ विगत 10 वर्षो से महिला सेवा संगठन सिकोला द्वारा कार्यक्रम में भोजन भंडारा में विशेष सहयोग दिया जाता है,प्रति वर्ष कार्यक्रम में प्रति दिवस भव्य भोजन भंडारा का आयोजन किया जाता है।

जिसमें समस्त श्रद्धालू प्रसादी ग्रहण करते है,महिला सेवा संगठन अध्यक्ष नयन बाई साहू, उपाध्यक्ष उर्वशी साहू,खिलेश्वरी साहू,वीरम बाई साहू,फलेश्वरी सेन, कुमारी साहू,ललिता साहू, सावित्री साहू, बिसन्तिन साहू, कविता साहू, लक्ष्मी साहू,रूखमणी देशमुख,उषा साहू, कृष्णी साहू, दुर्गा निषाद,नामेश्वरी साहू, मैना साहू, गिरिजा साहू आदि, भोजन भंडारा रसोई जोगी राम साहू, चिमन लाल साहू, जुगराम साहू, गायेंन्द्र साहू,अश्वनी साहू,जितेन्द्र साहू,लीलू राम,चन्दन साहू पप्पू साहू, चुरामन साहू,टेपू निषाद,नरेश निषाद,पूरन लाल देशमुख, आत्माराम, रामानंद साहू,परमेश्वर साहू, चन्द्रकुमार साहू, नितेश कुमार साहू, नन्दकुमार साहू,एवं समस्त दानदाताओं व ग्रामवासी के सहयोग से कार्यक्रम सम्पन्न होता है।

## कलश यात्रा से संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ



**अंडा।** ग्राम खप्परवाड़ा में चैत्र कृष्ण पक्ष 11, 14 मार्च को भव्य कलश यात्रा के साथ आयोजित संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर गांव में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर भक्ति गीतों और जयकारों के साथ कलश यात्रा में भाग लिया। कलश यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल तक पहुंची, जहां विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर कथा का शुभारंभ किया गया। पूरे मार्ग में श्रद्धालु भगवान के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के दौरान संध्या वंदन के पश्चात कथा के प्रथम दिवस पर गौकर्ण कथा का पावन प्रसंग सुनाया गया। परम पूज्य आचार्य पं. भूपेंद्र पाण्डेय जी ने श्रीमद् भागवत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भागवत कथा का श्रवण करने से मनुष्य के जीवन में धर्म, भक्ति और सदाचार की भावना बढ़ती है। यह धार्मिक आयोजन स्व. वीरेंद्र सिंह चन्द्राकर जी की पुण्य स्मृति में किया जा रहा है। आयोजन में उनके पुत्र संदीप चंद्राकर और सौरभ चंद्राकर सहित परिवारजनों और ग्रामवासियों की सक्रिय सहभागिता रही। कथा में ग्राम खप्परवाड़ा सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

# एकता ही समाज की सबसे बड़ी ताकतः ताम्रध्वज साहू





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में भक्त माता कर्मा जी की जयंती में प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू रविवार को ग्राम नगपुरा, निकुम, कोनारी, कुथरेल, पोटिया, धनोरा, हनोदा एवं नगर पंचायत उतई में ग्रामीण साहू समाज द्वारा आयोजित संत शिरोमणि भक्त कर्मा माता जयंती समारोह में शामिल होकर माँ कर्मा की पूजा-अर्चना कर समस्त प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना किया।

अवसर पर मुख्य अतिथि एवं प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि सभी समाज मिलकर काम करें तो समाज को आगे बढ़ने से कोई नही रोक सकता। उन्होंने कहा कि समाज को एक दूसरे समाज से सीखने की प्रवृत्ति होनी चाहिए।जहां भी सीखने का अवसर मिले तो समाज को अपनाना चाहिए।

■ कर्मा जयंती समारोह पर पहुंचे पूर्व मंत्री

उन्होंने कहा कि भक्त माता कर्मा के बताए रास्ते पर अनुसरण करने से समाज का विकास सुनिश्चित है। आगे बताया की माँ कर्मा जयंती पापमोचनी एकादशी पर हर घर में घी का दीपक जरूर जलाएं, क्योंकि यह दिन पापों से मुक्ति और भगवान विष्णु की कृपा पाने का विशेष अवसर प्राप्त होता है। समाज संगठन की मजबूती की दिशा में कार्य किया जाए। समाज के रूढ़िवादी, आडम्बर और परम्परा को भी जड़ से समूल नष्ट करने की आवश्यकता है। बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ के साथ बेटियों की सुरक्षा और सम्मान करना चाहिये। हमें संगठित होकर कार्य करना है। समाज की एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। साहू समाज को कैसे मजबूत करना है इस पर हमेशा विचार करना चाहिए। समाज में नया योजना बनाकर आज शिक्षा और नौकरी के साथ लोगो को एक अच्छा इंसान बनने की जरूरत भी है। आपस मे भाई चारा बना कर और सदभाव से रहना ही सच्ची समरसता है। इस अवसर पर ग्रामीण अध्यक्ष गण,तहसील अध्यक्ष, परिक्षेत्र अध्यक्ष गण सहित समाजिक भाई बहन बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# मासाभाट में दो दिनी फागुन झांकी एवं गायन प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा



ग्राम मासाभाट में एकता नवयुवक मंडल के तत्वावधान में दो दिवसीय फागुन झांकी एवं गायन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में ग्रामवासियों और आसपास के क्षेत्रों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अवसर पर मंचासीन अतिथि सरपंच दुर्गा पुरूषोत्तम चौधरी उपस्थित थे। जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि फागुन का महीना भारतीय संस्कृति में प्रेम, उत्साह और भाईचारे का प्रतीक है।

■ सांस्कृतिक कार्यक्रम में उमड़ा जनसमूह, युवाओं की प्रतिभा को मिला मंच

अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारी लोककला, परंपराओं और संस्कृति को जीवित रखने का महत्वपूर्ण माध्यम होते हैं। साथ ही यह कार्यक्रम युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और समाज को एकजुट करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने एकता नवयुवक मंडल और ग्रामवासियों को इस सुंदर आयोजन के लिए बधाई दी और सभी प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में यह भी कहा गया कि गाँव के युवा सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से समाज को जोड़ने और सकारात्मक वातावरण बनाने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं, जो गाँव और समाज के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। अतिथियों ने कामना की कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन भविष्य में भी होते रहें और समाज में एकता, सद्भाव और विकास की भावना निरंतर बढ़ती रहे।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे, जिनमें उपसरपंच तुला राम साहू सहित पंचगण पंकज पटेल, शारदा पटेल, राजेश देवांगन, चमेली निषाद, देवेन्द्र देशमुख, गुंजा साहू, लेखराम साहू, सावित्री साहू, सोनिया बाई, धनेश्वरी पटेल, खिलेश्वरी साहू, जानकी साहू, उत्तम साहू, कीर्ति साहू, कुशाल राम साहू, सीताराम यादव, रजनी यादव और ईश्वरी साहू शामिल रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्राम के वरिष्ठजन, माताएँ-बहनें और युवा उपस्थित रहे, जिससे पूरा माहौल फागुन के रंग और सांस्कृतिक उल्लास से सराबोर हो गया।

# जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष बने संजय

**बालोद।** जिला सतनामी समाज बालोद के अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के पूर्व संयुक्त महामंत्री व आदर्श ग्राम पंचायत सिकोसा के उपसरपंच संजय बारले को जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के उपाध्यक्ष बनाया गया है। जिस पर सामाजिक जन जिला सतनामी समाज बालोद के संरक्षक गण पवन जोशी, अश्वन बारले, विजय बघेल, पी.डी. टंडन, महा सचिव संजय जोशी, सचिव संतराम बंजारे, कोषाध्यक्ष गोवर्धन बारले, विधिक सलाहकार विजय बारले, प्रवक्ता लक्ष्मीनारायण बघेल, चंद्रकुमार देशलहरा, सोना देवी देशलहरा, मानसिंग देशलहरा, निर्मला बंजारे, धन्नू लाल टंडन, पूर्व जिला अध्यक्ष टीनेश्वर बघेल, ब्लाक अध्यक्ष गण नीलकंठ टंडन, धनेश्वर बघेल, यूआर.ब्राहेन, धनीराम बारले, लच्छू देशलहरा, पुरषोत्तम बारले, दीपक बघेल, संदीप जोशी, भुपेन्द्र चाणक्य, रवि टंडन, छबिलाल बंजारे, प्रभु टंडन, मोहन चतुर्वेदी, दिलीप देशलहरा, साहित्य कार बुटू राम पुने व सामाजिक जन ने हर्श व्यक्त की। पाटएँ के शीर्ष नेतृत्व, विधायक गण, क्षेत्र विधायक कुंवरसिंग निषाद, जिला अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी व समस्त पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता का आभार व्यक्त किये।




# भखारा राल जैन समाज का 72वां वार्षिक सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर





भखारा राल जैन समाज का 72 वां वार्षिक सम्मेलन जैन भवन भखारा में शुक्रवार को संपन्न हुआ। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष का चयन हुआ। जिसमें बटरेल निवासी गौतमचंद चौरडिया अध्यक्ष एवं तर्रागोंदी निवासी रूपेश चोपड़ा कोषाध्यक्ष चुने गए। निवर्तमान अध्यक्ष यादमल गोलछा बेलहारी एवं निवर्तमान कोषाध्यक्ष मनोज नाहर बोरझरा ने नवीन पदाधिकारियों को कार्यभार सौंपे। अध्यक्ष गौतम चंद चौरडिया ने बताया कि भखारा राल जैन समाज में धमतरी एवं दुर्ग जिले के जामगांव आर, बटरेल, बेलहारी, सुरपा, ओदरागहन, निपानी, रानीतराई, नवागांव, कसही, पन्दर, गुजरा, मर्रा, पचपेड़ी, तर्रागोंदी, भेलवाकूदा, जामगांव जी, खोरपा, देवरी, भाठागांव, कोर्रा, बोरझरा, गातापार, कुरूद, सेमरा, भखारा के जैन श्री संघ सदस्य शामिल होते है।

■ अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष का चयन हुआ

**5 साल तक बेलहारी में ही मिलेगा विरासत की बर्तनः** भखारा राल जैन समाज के इस बैठक में सकारात्मक पहल करते हुए समाज में उपलब्ध बर्तन को 5 साल के लिए स्थायित्व प्रदान करते हुए नियमों शर्तो तहत यादमल गोलछा बेलहारी को सौंपा गया। अब 5 साल तक समाज का बर्तन बेलहारी से ही मिल पाएगा। विदित हो कि पहले नवीन कोषाध्यक्ष बदलते ही बर्तन का ठिकाना नवीन कोषाध्यक्ष के अनुरूप बदल जाया करता है। इस नवीन व्यवस्था से सभी सदस्यों में हर्ष व्याप्त है।

अध्यक्ष गौतमचंद चौरडिया ने कहा कि तीन चार पीढ़ियों के सदस्यों का एक साथ अनोखा विचार मंथन का नजारा भखारा राल जैन समाज के वार्षिक सम्मेलन में बेबाकी के साथ देखने का नयन सुख मिलना प्रत्येक सदस्य के लिए खास उपलब्धि होती है। इसी के साथ 1955 से संस्कार विरासत में मिलते हुए 2026 का सफर कर रही है। और विरासत नवीन पीढ़ी को स्वमेव मिलती जा रही है।

### संस्कार के गिरते स्तर के कारण दुखी होने लगा है समाज

निवर्तमान अध्यक्ष यादमल गोलछा ने कहा कि समाज संस्कार का वरदानित स्रोत है। उन्होंने कहा कि समाज की ओर लोगों का ध्यान कम होने लगा है और संस्कार उसी क्रम में गिरने भी लगा है। आज हर परिवार वैचारिक द्वंद्व से घिरा हुआ दिखने लगा है, ऊपर से मुस्कुराकर अंदर दर्द का घूंट पीने विवश होने लगा है यह घर घर की कहानी बनकर हर किसी की जुबानी निकलने लगी है।

**महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव राल में विचाराधीनः** भखारा राल जैन समाज और महावीर जन्मोत्सव समिति जामगांव आर के सदस्य निर्मल राय सोनी ने भखारा राल जैन समाज के बैनर तले महावीर जन्मोत्सव मनाने का प्रस्ताव रख बेहतरीन तरीके से पहल किए अधिकांश लोगों से सहमति भी मिल गई किंतु विचार मंथन निणऍत स्थिति के लिए भविष्य के गर्भ में विचाराधीन हो गई। समाज उन्नयन में अच्छे विचार के लिए लोगो ने निर्मल राय सोनी की सराहना किए।

**जनप्रतिनिधियों ने किया शुभारंभ**

# अर्जुनी में डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

ग्राम अर्जुनी में नूतन क्रीड़ा मंडल के तत्वधान में एक दिवसीय डे नाइट कब्बड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य गुलशन कुमार हिरवानी, सरपंच हेमंत साहू, पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी, परमेश्वर हिरवानी, उपसरपंच रेख राम साहू, विद्युत ठेकेदार मोहन लाल साहू, सेवानिवृत शिक्षक एचआर. मंडावी, खिलावन राम साहू, राम लाल ठाकुर, बलराम साहू उपस्थित थे।

अतिथियों के द्वारा खेल मैदान में पूजा अर्चना कर फीता काट कर प्रतियोगिता का उदघाटन किया गया। पूर्व सांसद प्रतिनिधि मंडावी ने कहा की खेल मनुष्य के जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है खेल हमारे शारीरिक मानसिक और सामाजिक सेहत में सुधार होता है। सरपंच हेमन्त साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ का राष्ट्रीय खेल कब्बड्डी है जिसे छ.ग. के हर त्योहारों पर इस खेल को खेलते है। जनपद सदस्य व कृषि सभापति गुलशन हिरवानी ने कहा कि कब्बड्डी एक पारंपरिक भारतीय खेल है जो हमारे देश की संस्कृति और परम्परा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, यह खेल हमारे शरीर एवं मन को मजबूत बनाता है कार्य क्रम का संचालन भिलेंद्र साहू एवं रविकांत साहू ने किया। आभार व्यक्त विमल साहू ने किया। इस अवसर पर भगत निर्मलकर, हेमन्त साहू, पेनू राम निर्मलकर, अजय साहू, कामू यादव, दिनेश्वर साहू, प्रिंस मंडावी, जीतेश साहू, पूनमचंद गुलशन यादव, गौरव साहू, गणेश ठाकुर, कृष, सौरभ साहू टीकम साहू, आयुष, पुष्पेन्द्र, विमल ठाकुर, मिथलेश, देवा, तरुण, चुम्मन सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।







## खबर संक्षेप

### बोर्ड परीक्षा के बाद खरथुली में हुई समीक्षा बैठक

**बालोद।** बोर्ड परीक्षा समाप्त होने पर बोर्ड परीक्षा केन्द्र बनाए गए शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खरथुली में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। केंद्र में शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोबा के छात्र, छात्रएं भी सम्मिलित हुए। केंद्राध्यक्ष व्यख्याता शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़गांव एलपी साहू थे। उन्होंने बताया कि परीक्षा शांति पूर्वक संपन्न हुआ। सहायक केन्द्राध्यक्ष गजेंद्रपुरी गोस्वामी ने बताया कि बैठक व्यवस्था एवं अन्य सभी प्रकार से व्यवस्था सचिव छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी बालोद के आदेशानुसार किया गया। पेयजल, स्वछता, पंख की पर्याप्त व्यवस्था की गई थी। जिला प्रशासन एवं जिला शिक्षा अधिकारी बालोद की उड़न दस्ता टीम का सतत निरक्षण रहा। टीम वर्क में लिपिक हरीश रावटे, भागवत चतुर्वेदी, प्रदीप साहू, राजेश साहू, टेमन साहू, डामेंद्र साहू, होरीलाल पटेल, रश्मि देशमुख, शुभागिनी मौर्य, धनेश्वरी साहू, धनेश्वरी पाल, गांवरे सरजी, युगेश देशमुख, नीलेश देशमुख, प्रभा देशमुख, रोहनी टण्डन, कुशूमलता साहू, अंजूलता नेताम, युगल निर्मलकर, राजाराम साहू, राकेश पटेल, ओंकार पटेल, रेखा देशमुख, यसोदा नायक, इंदु वर्मा, सरोज ठाकुर, सौरभ पिस्दा, लालेश्वर ठाकुर, हरीश रावटे, मनोहर सिन्हा, भोजराज भुआर्य एवं खरथुली, कोबा संकुल के सभी प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालय का सहयोग रहा।

### बहुजन समाज ने कांशीराम की जयंती मनाई



**डौंडीलोहारा।** बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक एवं बहुजन समाज के मसीहा मान्यवर कांशीराम साहब की 92वीं जयंती डौंडीलोहारा स्थित अंबेडकर स्मारक स्थल पर श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कांशीराम साहब के विचारों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि कांशीराम साहब ने बहुजन समाज को संगठित कर सामाजिक और राजनीतिक चेतना जगाने का कार्य किया। उन्होंने भारतीय राजनीति की दिशा और दशा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम के दौरान कांशीराम साहब के विचारों को याद करते हुए उनका यह संदेश भी साझा किया गया कि "स्वाभिमानी लोग ही संघर्ष की परिभाषा समझते हैं, जिनका स्वाभिमान मरा है वह गुलाम है।" यह जयंती समारोह बहुजन समाज पार्टी के बालोद जिला सचिव पुनेश्वर देवांगन के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डौंडीलोहारा विधानसभा प्रभारी ओंकार गायकवाड सहित खिलेंद्र विश्वकर्मा, बिरझाबाई देवांगन, बोधनी बाई देवांगन, हिरेंद्र साहू, हिरामन सिंह गांवरे, किशन और चंद्रशेखर गांवरे सहित बड़ी संख्या में बहुजन समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संध्या समय कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

**जयंती:** पूर्व विधायक भैया राम सिन्हा रहे मुख्य अतिथि

# ग्राम ठेकवाडीह में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई मां कर्मा जयंती







हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

भक्ति, शक्ति और सामाजिक एकजुटता का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए ग्राम ठेकवाडीह में आराध्य देवी भक्त शिरोमणि मां कर्मा की जयंती अत्यंत हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई।

पाप मोचनी एकादशी के पुण्य अवसर पर आयोजित इस महोत्सव ने पूरे गांव को भक्ति और उल्लास के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम की शुरुआत सामुदायिक कर्मा भवन में मां कर्मा माता की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई है तत्पश्चात समाज की महिलाओं द्वारा सिर पर कलश धारण कर बाजे गाजे के साथ गांव की गलियों में कलश यात्र निकाली गई। कार्यक्रम में मंच संचालन अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज पूणौत्तम साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संजारी बालोद भैया राम सिन्हा ने कहा कि मां कर्मा जैसी भक्ति जो छप्पन भोग को त्याग कर भगवान भक्त के द्वार खिचड़ी खाने आए। उन्होंने कहा कि मां कर्मा रोज सुबह उठकर सबसे पहले भगवान जगन्नाथ प्रभु के लिए खिचड़ी बनाती थी। वे इतनी भोली और भावुक भक्त थीं कि उन्हें विधि–विधान या मंत्रें का ज्ञान नहीं था। वे बस भगवान को पुकारतीं और कहतीं– प्रभु, आओ और भोग लगाओ, उनकी भक्ति इतनी भाव प्रबल थी कि स्वयं भगवान जगन्नाथ श्रीकृष्ण बालक का रूप धरकर उनके घर आते और बड़े चाव से वह खिचड़ी खाते थे।

कार्यक्रम में समाज की महिलाओं को एक वेशभूषा में देखकर कहा कि यही समाज की एकजुटता है जो दिखाता है कि समाज में महिलाएं भी समाज के प्रत्येक कार्यों में सहभागिता है। समाज की मांग पर सामुदायिक कर्मा भवन प्रांगण पर सीमेंट करण की घोषणा की गई। कार्यक्रम में सरपंच देव साहू ने माता कर्मा की जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहां की मां कर्मा का जीवन सेवा, भक्ति, त्याग और परोपकार की अनुपम मिसाल है कि भगवान श्रीकृष्ण के अनन्य भक्त थी और उनके आदर्श आज ही जनमानस को प्रेरणा देता है। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने अपने–अपने उद्बोधन प्रस्तुत किये। कर्मा जयंती के अवसर पर कक्षा पांचवी से 12वीं तक के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्रओं को एवं रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कक्षा पांचवी में टिकेश्वरी, आठवीं चांदनी, दसवीं लोमश कुमार, 12वीं देविका साहू, खेल प्रतिभागी लोमेश कुमार को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपसरपंच तामेश्वरी साहू, पूर्व सरपंच भारती मरकाम, सेवानिवृत्ति शिक्षक बालाराम सोनवानी, सेवानिवृत शिक्षक नारायण सिंह साहू, कोलिहामार परिक्षेत्र अध्यक्ष दुलार सिंह साहू, सेवानिवृत्ति करा रोपण अधिकारी विक्रम सिंह भंडारी, सिंचाई विभाग शोभित राम सोरी, यादव समाज भागी राम, दीना राम देवदास, गोपाल सेन, विजय विश्वकर्मा वरिष्ठ नागरिक भिखूराम साहू, शिवलाल साहू, जगेश्वर साहू, ईश्वर लाल साहू, गौतम साहू, झाड़ू राम साहू, देवराज साहू उपस्थित थे।

#### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष पूणौत्तम साहू, उपाध्यक्ष नोहर साहू, भोज भाई साहू, हेमंत कुमार साहू, लोकेश्वरी साहू, खिलावन साहू, नंद कुमार साहू, महेंद्र कुमार साहू, राम बगस साहू, प्रवीण कुमार साहू, केशव राम साहू, शेखर साहू, मदन मोहन साहू, रिखी राम साहू, रामसहाय साहू, हरेंद्र कुमार साहू सहित समस्त पदाधिकारी एवं ग्रामीणों का सहयोग रहा।

## साहू सदन में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई भक्त कर्मा माता जयंती



**गुरूर।** ग्रामीण साहू समाज गुरूर अध्यक्ष महिमा साहू के नेतृत्व में साहू सदन गुरूर में भक्त कर्मा माता की जंयती मनाया गया। जंयती कार्यक्रम में नगर पंचायत गुरूर अध्यक्ष प्रदीप साहू, परिक्षेत्र साहू समाज गुरूर अध्यक्ष योगेश साहू, मोती लाल साहू, पुर्णा हिरवाणी, हलधर साहू, बिष्णु साहू, ग्रामीण साहू समाज गुरूर अध्यक्ष महिमा साहू, उपाध्यक्ष हेमंत साहू, महिला उपाध्यक्ष जाम बाई साहू, संगठन सचिव ओमप्रकाश साहू, महिला संगठन सचिव चद्रंलतासाहू, परिक्षेत्र साहू संगठन सचिव पुनित साहू, जीवन साहू सहित सभी सामाजिक कार्यकर्ता पदाधिकारी सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित हो कर भक्त कर्मा माता की आरती कर गुलाल चंदन का तिलक लगाकर खिचड़ी का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। तत्पशचात अतिथियों द्वारा सामाजिक बंधुओं को संबोधित किया।

# भक्त माता कर्मा जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई





**डौंडीलोहारा।** वनांचल क्षेत्र के ग्राम रेंगाडबरी में साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

- जयंती पर भव्य कलश यात्रा निकाली

कार्यक्रम की शुरुआत साहू भवन के समीप माता कर्मा के तैल चित्र स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ की गई। इस अवसर पर समाज के लोगों ने झंडा फहराकर माता कर्मा का जयघोष किया और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात महिलाओं एवं युवतियों द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में भव्य कलश यात्रा निकाली गई।ॉ

कलश यात्रा गाजे-बाजे, सेवा भजन एवं आतिशबाजी के साथ ग्राम रेंगाडबरी के प्रमुख चौक-चौराहों और गली-मोहल्लों से होकर गुजरी। यात्रा में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। इस दौरान भक्त माता कर्मा के जयकारों से पूरा गांव भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। ग्रामीण प्रतिनिधि नेमन साहू ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान समाज के अध्यक्ष कीर्तन साहू, आदेश साहू, रेखराम साहू, गणेश साहू सहित वरिष्ठजनों ने माता कर्मा के आदर्शों, त्याग, सेवा और समाज के प्रति उनके समर्पण पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज में एकता, शिक्षा और सामाजिक विकास पर विशेष जोर दिया। इस आयोजन में चिंताराम साहू, बहल साहू, महेश्वरानंद साहू, दुर्जन साहू, केशव साहू, दिनेश साहू, शिवकुमार साहू, राजेन्द्र साहू, बसंत साहू, चन्द्रहास साहू, पुनम साहू सहित समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## रसमड़ा में कर्मा भवन का लोकार्पण एवं परिक्षेत्रीय कर्मा महोत्सव आज

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रसमड़ा में परिक्षेत्रीय साहू समाज द्वारा कर्मा भवन का लोकार्पण एवं परिक्षेत्रीय कर्मा महोत्सव का भव्य आयोजन 16 मार्च सोमवार को किया जा रहा है। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से ग्राम रसमड़ा, जिला दुर्ग में आयोजित होगा। इस आयोजन में समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू (पूर्व गृहमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन) होंगे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में जितेन्द्र साहू (अध्यक्ष, तेलघानी बोर्ड राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त), दयालाल साहू (पूर्व कैबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन), चंदलाल साहू (अध्यक्ष, जिला साहू समाज जिला दुर्ग), दीपक ताराचंद साहू (पूर्व अध्यक्ष हस्तशिल्प विकास बोर्ड राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त), पद्मु राम साहू (अध्यक्ष, तहसील ग्रामीण साहू समाज), लक्ष्मी नारायण साहू (उपाध्यक्ष, तहसील ग्रामीण साहू समाज), प्रिया साहू (सभापति, जिला पंचायत दुर्ग), रोहित साहू (पूर्व अध्यक्ष, परिक्षेत्रीय साहू समाज रसमड़ा), नंद कुमार साहू (जनपद सदस्य रसमड़ा), संगीता भावन साहू (जनपद सदस्य अंजोरा), अनुराधा नारायण साहू (सरपंच, ग्राम पंचायत सिलौदा), संतोषी साहू (सरपंच, ग्राम पंचायत गनियारी) और इंद्रजीत साहू (सरपंच, विसरसर, दुर्ग) शामिल होंगे। कार्यक्रम का आयोजन परिक्षेत्रीय साहू समाज रसमड़ा तथा ग्रामीण साहू समाज रसमड़ा द्वारा किया जा रहा है। आयोजन समिति ने समाज के सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। यह जानकारी पूर्व सरपंच नारायण साहू ने दी।

## लाटाबोड़ में धूमधाम से मनाई मां कर्मा जयंती





**लाटाबोड़।** रविवार को आदर्श ग्राम लाटाबोड़ में मां कर्मा जयंती बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। सुबह से ही मां कर्मा धर्मशाला प्रांगण में श्रद्धालुओं और समाजजनों की भीड़ लगना शुरू हो गई थी। सामाजिक लोगों ने मां कर्मा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। दोपहर के समय मां कर्मा और भगवान श्रीकृष्ण की भव्य झांकी के साथ जुलूस निकाला गया। यह झांकी पूरे गांव में भ्रमण कराई गई, जहां ग्रामीणों ने श्रद्धापूर्वक दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। झांकी यात्रा का समापन मां कर्मा धर्मशाला में किया गया, जहां आरती की गई। आरती के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप खिचड़ी, हलुआ, पूरी और सब्जी का वितरण किया गया। मान्यता है कि मां कर्मा ने स्वयं अपने हाथों से भगवान श्रीकृष्ण को खिचड़ी का भोग लगाया था। इसी कारण कर्मा जयंती के अवसर पर भक्तों द्वारा खिचड़ी का प्रसाद विशेष रूप से वितरित किया जाता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी और श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे गांव का वातावरण भक्ति और उत्साह से सराबोर रहा।

## हर्षोल्लास के साथ मनाई भक्त मां कर्मा जयंती



**डौंडीलोहारा।** समीप के ग्राम कामता में रविवार 15 मार्च को ग्रामीण साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती का पर्व हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर माता कर्मा के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौतम सिन्हा, विशेष अतिथि हरेश्वर सिन्हा तथा विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत सिवनी की सरपंच सुनीता तारम उपस्थित रहीं। अतिथियों ने मां कर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि गौतम सिन्हा ने मां कर्मा की भक्ति, त्याग और उनकी जीवन



गाथा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार उनकी सच्ची श्रद्धा और पीड़ा से भक्त मां कर्मा का अवतरण हुआ। उन्होंने समाज को उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया।

#### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष अवध राम साहू, सचिव गुहरी राम साहू, कोषाध्यक्ष तिलेंद्र साहू, महिला उपाध्यक्ष गीता बाई साहू, नेहा साहू सहित समाज के सदस्य नंद कुमार साहू, भवन साहू, दयाराम साहू, खोमलाल साहू, योगेंद्र साहू, मंगेश साहू, मुकेश साहू, बिशे साहू, गजेन्द्र साहू, अशवंत कुमार, शिवदयाल साहू, विश्राम साहू, ओमप्रकाश साहू, सुखचंद साहू, संदीप साहू, ढालसिंह साहू, ओमेश साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में समाज के वरिष्ठजनों ने एकता और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया।



## धनेली में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई मां कर्मा जयंती

**गुरूर।** ग्रामीण साहू समाज धनेली के द्वारा मां कर्मा जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सुबह कलश शोभयात्रा निकाली गई। 11:30 बजे मां कर्मा की आरती की गई। 12 बजे अतिथियो का स्वागत एवं उद्बोधन व प्रसादी वितरण किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत धनेली बालमुंकुंद निशाद थे। अध्यक्षता केआर साहू ने किया। विशेष अतिथि सेवा निवृत्त प्रधान पाठक जेआर साहू, सेवा निवृत्त प्रधान पाठक जेआर केकती, पूर्व अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज धनेली ईश्वर सार्वा, पूर्व अध्यक्ष ग्रामीण विकास समिति धनेली कोमल राम कुंवरदादरा, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति धनेली महावीर साहू तथा समाज की महिला, पुरूश उपस्थित थे।

**तिलक लगाकर और पेन भेंट कर 52 छात्र-छात्राओं का किया सम्मान**

## आठवीं के विद्यार्थियों को दी गई भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बड़गांव में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों को परीक्षा पूर्व सादर विदाई दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ प्रधान पाठक भूधर दास जोशी के करकमलों से किया गया।

कार्यक्रम में शिक्षकों संतोष कुमार देवांगन, शैलजा मार्टिन, हेमलता केशरा एवं पीलूराम साहू ने विशेष अतिथि भुवन सिंह कोसिमा तथा प्रधान पाठक का स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों ने कक्षा आठवीं के 52 छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर तथा पेन भेंट कर सम्मानित किया। विदाई समारोह में विद्यार्थियों ने विद्यालय में बिताए अपने अनुभव साझा किए। शिक्षकों एवं प्रधान पाठक ने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने, अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य और मंगलमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम का सफल संचालन कक्षा सातवीं के छात्र लेस नायक ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन कक्षा छठवीं के छात्र मुक्तेश्वर राजपूत ने किया।


आप कितने स्वस्थ हैं?
जानिएं
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज
₹1500/-
(20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज
₹2000/-
(40 से 60 साल की उम्र के लिए)
● प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
● सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9109956720
9926386660
Care With Confidence
NABH
सुयश हॉस्पिटल
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

डायबिटीज
के मरीजों के घावों की प्लास्टिक सर्जरी (स्कीन ग्राफ्टिंग) की विशेष सुविधा.



कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.




रामेश्वरम् धाम यात्रा
21 अप्रैल, 28 अप्रैल, 19 मई, 02 जून 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411